तापमान

अधिकतम 39.0 डिग्री

न्यूनतम 30.0 डिग्री

हरिभूमि - कांकेर भूमि

रायपुर, रविवार 7 जून 2026

[ भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा ]



11 जिन हाथों में कभी बंदूकें थीं, अब वो ...





12 दूध नदी स्वच्छता अभियान में श्रमवीरों...





Shri Gopala HOSPITAL

श्री गोपाला चाइल्ड एण्ड डेंटल केयर हॉस्पिटल

रत्नाबांधा, दुर्ग रोड, धमतरी

सर्वसुविधायुक्त बच्चों का अस्पताल



बच्चों के संपूर्ण टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध



24 घंटे बच्चों के भर्ती व आपातकालीन इलाज



बच्चों के फ्रेक्चर, सर्जरी व ऑपरेशन की सुविधा

सोनोग्राफी, एक्सरे एवं सभी प्रकार के पैथालॉजी जांच सुविधा उपलब्ध


## खबर संक्षेप

### 4 दिनों से बालक लापता रिपोर्ट दर्ज, तलाश जारी



**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत 17 वर्षीय बालक के लापता होने की रिपोर्ट भानुप्रतापपुर थाना में दर्ज कराई है। बालक के परिजन ने पुलिस को बताया कि उसका बेटा 2 जून 2026 की शाम करीब 6 बजे घर से निकला था और उसके बाद वापस नहीं लौटा। रिश्तेदारों व आसपास के लोगों के यहां काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। परिजन ने आशंका जताई है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनके पुत्र को बहला-फुसलाकर कहीं ले गया है। पुलिस ने गुम इंसान का मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

### एक पेड़ माँ के नाम के तहत पौधारोपण



**सरोना।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वन परिक्षेत्र नरहरपुर के धौंराभाठा परिसर, उपपरिक्षेत्र जामगाँव में पौधरोपण एवं पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत एक पेड़ माँ के नाम अभियान चलाकर लोगों ने अपनी माताओं के सम्मान में पौधे लगाए। वन विभाग के अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, महिला स्व-सहायता समूहों, संयुक्त वन प्रबंधन समिति एवं ग्रामीणों ने भाग लेकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा पौधों की सुरक्षा और हरित वातावरण निर्माण का संकल्प लिया।

### सेवानिवृत्ति पर कोमरे को भावभीनी दी विदाई



**दुर्गुकोंदल।** प्राथमिक लघुवनोपज सहकारी समिति मर्यादित चिखली के प्रबंधक श्यामलाल कोमरे के 38 वर्षों के सफल एवं निष्कलंक सेवाकाल पूर्ण होने पर शनिवार को विश्राम गृह दुर्गुकोंदल में सम्मान एवं विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समिति पदाधिकारी, फड़ मुंशी, वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। जिला यूनियन पूर्व भानुप्रतापपुर के अध्यक्ष रामसाय गावड़े ने उन्हें कार्यनिष्ठा और ईमानदारी की मिसाल बताया। समारोह में शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका सम्मान किया गया।

### प्रबंधकों की समस्या समाधान समिति गठित

**दुर्गुकोंदल।** जिला यूनियन पूर्व भानुप्रतापपुर के अंतर्गत आने वाली समितियों के प्रबंधकों की मांगों और समस्याओं को शासन-प्रशासन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने के उद्देश्य से बैठक आयोजित कर नई प्रबंधक समिति का गठन किया गया। बैठक में भानुप्रतापपुर, दुर्गुकोंदल, अंतागढ़ और आमाबेड़ा क्षेत्र की 42 समितियों के प्रतिनिधि शामिल हुए। सर्वसम्मति से रामसाय गावड़े को अध्यक्ष, कुमार भुवाय को उपाध्यक्ष, सतीश यादव को सचिव और सुकुलू राम पुरामे को कोषाध्यक्ष चुना गया।

# गट्टाकाल के जंगल में प्रेशर कुकर आईईडी बरामद, बीडीएस टीम ने किया निष्क्रिय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

कांकेर जिले के गटटाकाल के जंगल-पहाड़ी क्षेत्र में चलाए गए संयुक्त सर्चिंग अभियान के दौरान जवानों ने नक्सलियों द्वारा छिपाकर रखा गया लगभग तीन किलोग्राम वजनी प्रेशर कुकर आईईडी बरामद किया। संभावित खतरे को देखते हुए बम निरोधक दस्ता बीडीएस ने मौके पर ही आईईडी को सुरक्षित तरीके से निष्क्रिय कर दिया।

जानकारी के अनुसार जिले के संवेदनशील एवं नक्सल प्रभावित इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने तथा नक्सल गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए जिला पुलिस, बीएसएफ और बम निरोधक दस्ता लगातार संयुक्त अभियान चला रहे हैं। आत्मसमर्पित नक्सलियों से प्राप्त सूचनाओं के आधार पर जंगलों में छिपाए गए विस्फोटकों और अन्य सामग्रियों की भी लगातार तलाश की जा रही है। इसी क्रम में शनिवार 6 जून को थाना कोयलीबेड़ा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गटटाकाल के जंगल-पहाड़ी इलाके में सघन सर्चिंग अभियान संचालित किया गया। अभियान के दौरान सुरक्षा बलों को एक संदिग्ध स्थान पर छिपाकर रखा गया प्रेशर कुकर आईईडी मिला। जांच में यह लगभग तीन किलोग्राम क्षमता का विस्फोटक उपकरण पाया गया। सुरक्षा कारणों से इसे वहां से हटाना संभव नहीं था, इसलिए बीडीएस टीम ने सभी आवश्यक सुरक्षा उपाय अपनाते हुए मौके पर ही डिफ्यूज कर नष्ट कर दिया। ▶▶ शेष पेज 10 पर

## सुरक्षा बलों के संयुक्त अभियान को मिली सफलता

### सर्चिंग अभियान लगातार जारी

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नक्सल प्रभावित इलाकों में लगातार सर्चिंग अभियान चलाए जा रहे हैं तथा सीमावर्ती क्षेत्रों में अतिरिक्त सतर्कता बरती जा रही है। सुरक्षा बलों की सक्रियता के चलते जंगल में नक्सलियों के द्वारा छिपाई गई सामग्री की तलाश सतर्कता से किया जा रहा है।



### कार्रवाई में ये रहे शामिल

इस संयुक्त अभियान में बीएसएफ 40 वीं वाहिनी के एसी जगपाल, थाना प्रभारी कोयलीबेड़ा निरीक्षक निर्मल जांगड़े, बीएसएफ इंस्पेक्टर जगदीश प्रसाद, उप निरीक्षक महेंद्र सिंह, सौरभ यादव एवं नवीन प्रकाश सिंह सहित जिला पुलिस, बीएसएफ और बीडीएस टीम के जवान शामिल रहे।

## अमानवीयता : रिकवरी एजेंटों पर अमानवीयता के लगाए गंभीर आरोप

# गंभीर रूप से बीमार महिला के परिवार पर ज्यादती, रिकवरी एजेंट जब्त कर ले गए ट्रैक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पखांजुर

- ग्रामीणों व परिजनों ने जिम्मेदार पर कार्रवाई की किया माँग

बांदे क्षेत्र के ग्राम कंदाड़ी में एक बीमार महिला और हाल ही में शोक की घड़ी से गुजर रहे परिवार के साथ कथित तौर पर की गई रिकवरी कार्रवाई ने मानवीय संवेदनाओं पर सवाल खड़े कर दिए हैं। गंभीर बीमारी से जूझ रही महिला और दुख की स्थिति में रह रहे परिजनों के घर पहुंचकर की गई इस कार्रवाई को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों का आरोप है कि आर्थिक और मानसिक संकट से जूझ रहे परिवार के प्रति संवेदनशीलता दिखाने के बजाय दबावपूर्ण रवैया अपनाया गया, जिससे पूरे गांव में नाराजगी फैल गई है। मामले को लेकर ग्रामीणों ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी के अनुसार ग्राम कंदाड़ी निवासी रामको जाड़े पिछले करीब चार महीनों से गंभीर बीमारी से जूझ रही हैं और बिस्तर पर हैं। परिवार पहले से ही आर्थिक और मानसिक परेशानियों का सामना कर रहा था। इसी बीच तीन दिन पहले रामको जाड़े के साढ़े तीन वर्षीय नाती का निधन हो गया, जिससे पूरे परिवार में शोक का माहौल व्याप्त है। पीड़ित महिला के पुत्र प्रभूराम जाड़े ने बताया कि ट्रैक्टर की किस्त जमा करने के लिए आवश्यक राशि उनके बैंक खाते में मौजूद थी। उन्होंने रिकवरी टीम के कर्मचारियों को यह जानकारी भी दी थी। प्रभूराम के अनुसार गांव से बैंक की दूरी लगभग 35 किलोमीटर है और परिवार में बीमारी तथा मृत्यु के कारण उत्पन्न परिस्थितियों के चलते उन्होंने कुछ दिनों का समय मांगा था। उनका कहना है कि जैसे ही स्थिति सामान्य होती, बैंक से राशि निकालकर किस्त जमा कर दी जाती। इसके बावजूद रिकवरी एजेंटों ने उनकी बात नहीं सुनी और ट्रैक्टर को जब्त करके ले गए। शिकायतकर्ता का आरोप है कि ट्रैक्टर में परिवार के कपड़े और अन्य आवश्यक सामान भी रखा हुआ था, जिसे निकालने का अवसर तक नहीं दिया गया। घटना से परिवार और अधिक परेशान हो गया है।



कंपनी के ब्रांच प्रमुख ने कहा - मुझे नहीं है जानकारी

### दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की माँग

आरोप है कि महिंद्रा फाइनेंस की रिकवरी टीम ने परिवार की गंभीर परिस्थितियों को नजरअंदाज करते हुए ट्रैक्टर जब्त कर लिया। परिवार का दावा है कि ऋण की किस्त जमा करने के लिए खाते में पर्याप्त राशि उपलब्ध थी, लेकिन कुछ दिनों की मोहलत देने के बजाय एजेंट ट्रैक्टर को उसमें रखे सामान सहित उठाकर ले गए। घटना के बाद ग्रामीणों ने इसे अमानवीय कार्रवाई बताते हुए प्रशासन से हस्तक्षेप और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### ग्रामीणों ने जताई नाराजगी

कंदाड़ी के ग्रामीण विजय वड्डे और जीवन हेडो ने भी परिवार के पक्ष में बयान देते हुए कहा कि रामको जाड़े लंबे समय से बीमार हैं और चलने-फिरने में असमर्थ हैं। उन्होंने बताया कि गांव के लोगों ने भी रिकवरी टीम से संवेदनशीलता दिखाने और कुछ समय देने की अपील की थी, लेकिन उनकी बातों को अनसुना कर दिया गया।

### ट्रैक्टर जब्ती की जानकारी नहीं

इस मामले में महिंद्रा फाइनेंस पखांजूर शाखा के ब्रांच मैनेजर संजीव दास ने कहा कि उन्हें फिलहाल ट्रैक्टर जब्त किए जाने की जानकारी नहीं है। उन्होंने बताया कि इस प्रकार की कार्रवाई का कार्य वे स्वयं नहीं देखते हैं।

## शराब दुकान में रेट को लेकर विवाद मैनेजर सिहत तीन पर केस दर्ज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भानुप्रतापपुर

भानुप्रतापपुर में अंग्रेजी शराब दुकान में निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर शराब बिक्री की शिकायत को लेकर विवाद का मामला सामने आया है। शिकायत की जानकारी लेने पहुंचे एक व्यक्ति के साथ कथित रूप से गाली-गलौज, धक्का-मुक्की और जान से मारने की धमकी दिए जाने का आरोप लगाया गया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने 6 जून को शराब दुकान के मैनेजर, सेल्समैन तथा एक अन्य कर्मचारी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम चिचगांव निवासी तथा वर्तमान में कांकेर रोड पुराना नाका, भानुप्रतापपुर निवासी 41 वर्षीय हरेश चक्रधारी ने थाना भानुप्रतापपुर में 6 जून को लिखित में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में उन्होंने बताया कि 4 जून 2026 को दोपहर करीब 3 बजे बसंतनगर स्थित अंग्रेजी शराब दुकान में निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर शराब बिक्री की शिकायत मिलने पर वह मौके पर पहुंचे थे, वहां मौजूद ग्रामीणों से जानकारी लेने के बाद उन्होंने शराब दुकान के कर्मचारी भगत सिंह कश्यप से अधिक कीमत पर शराब बेचने के संबंध में पूछताछ किया। आरोप है कि इस बात से नाराज होकर भगत सिंह कश्यप ने दुकान के भीतर से रोहित देवांगन को बुलाया और दोनों ने बाहर आकर हरेश चक्रधारी के साथ अभद्र व्यवहार किया। शिकायतकर्ता के अनुसार दोनों ने अश्लील गाली-गलौज करते हुए धक्का-मुक्की की तथा जान से मारने की धमकी दी। इसी दौरान दुकान के भीतर मौजूद पुरुषोत्तम गुप्ता ने भी कथित रूप से गाली-गलौज की। घटना का वीडियो बना रहे यशवंत चक्रधारी के साथ भी आरोपियों द्वारा दुर्व्यवहार और धक्का-मुक्की किए जाने की बात शिकायत में कही गई है।

पुलिस ने शिकायत के आधार पर शराब दुकान में कार्यरत तीन कर्मचारियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता 115 (2), 296, 3 (5), 351 (2) के तहत अपराध दर्ज करते हुए विवेचना शुरू कर दी है।

## किसान हित में भाजपा संगठन का गांव-गांव में विस्तार समय की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

- भाजपा की बैठक में आगामी कार्ययोजना पर पदाधिकारियों ने साझा किए विचार

भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा जिला कांकेर की परिचयात्मक बैठक शनिवार को कमल सदन में प्रदेश अध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर की उपस्थिति में हुई। बैठक में नवगठित जिला पदाधिकारियों, कार्यसमिति सदस्यों एवं मंडल पदाधिकारियों का परिचय कराया गया तथा संगठन को गांव-गांव तक मजबूत बनाने के लिए कार्ययोजना पर चर्चा की गई। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष ने किसानों से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता देते हुए संगठन की सक्रिय भूमिका पर बल दिया।

कमल सदन में 6 जून को आयोजित परिचयात्मक बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर ने नवगठित टीम को बधाई देते हुए कहा कि किसान मोर्चा संगठन का महत्वपूर्ण अंग है, जो किसानों की समस्याओं को शासन और संगठन तक पहुंचाने का कार्य करता है। उन्होंने अपने संगठनात्मक अनुभव साझा करते हुए पदाधिकारियों को सक्रिय रूप से कार्य करने का आव्हान किया। भाजपा जिला अध्यक्ष महेश जैन ने कहा कि भाजपा किसान मोर्चा संगठन का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है, जो किसानों की समस्याओं और अपेक्षाओं को सरकार एवं संगठन तक पहुंचाने का कार्य करता है। नवगठित जिला टीम में ऊर्जा और अनुभव का अच्छा समन्वय है। मुझे विश्वास है कि यह टीम किसानों के हितों की रक्षा करते हुए संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश लाटिया ने कहा कि किसान मोर्चा भाजपा का जमीनी स्तर पर सबसे सक्रिय मोर्चों में से एक है। किसानों के बीच जाकर उनकी समस्याओं को समझना और समाधान के लिए प्रयास करना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। नवगठित जिला टीम संगठन की विचारधारा ▶▶ शेष पेज 10 पर

## चारामा में आज पतंजलि योग समिति की बैठक

**कांकेर।** पतंजलि योग समिति जिला कांकेर की बैठक गायत्री मंदिर चारामा में रविवार 7 जून को दोपहर 12 बजे रखी गई है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस आयोजन, संगठन पुनर्गठन व योग कक्षा विस्तार पर चर्चा होगी। पतंजलि के सभी संगठन, सह योग शिक्षक एवं योग से जुड़े भाई बहन के अलावा इस बैठक में सभी पदाधिकारी आपेक्षित हैं। उक्ताशय जानकारी जिला महामंत्री कुंदन साहू ने दी। सभी पदाधिकारियों से उपस्थिति का आग्रह किया है।

## सार्वजनिक स्थान पर शराबखोरी, छह युवक पुलिस की गिरफ्त में

**कांकेर।** बांदे थाना क्षेत्र अंतर्गत सार्वजनिक स्थान पर शराब सेवन कर रहे छः युवकों के खिलाफ पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की है।





पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 5 जून को मुखबिर से जानकारी मिली कि पीव्ही-87 जयदेवपुर के पास सड़क किनारे कुछ लोग बैठकर शराब का सेवन कर रहे हैं, जिससे राहगीरों को असुविधा हो रही है। मामले की तस्दीक के लिए पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी की। पुलिस को देखकर वहां मौजूद कुछ लोग भागने का प्रयास करने लगे, जिन्हें पुलिस ने घेरकर पकड़ लिया। पूछताछ में उनकी पहचान 25 वर्षीय ईश्वर मंडल, 25 वर्षीय आनंद मजुमदार, 26 वर्षीय विक्की त्रिपाली, 23 वर्षीय प्रताप मंडल, 26 वर्षीय हर्षित मृधा सभी निवासी पीव्ही-97 दुर्गापुर तथा पीव्ही 100 निवासी 25 वर्षीय नारायण मंडल के रूप में हुई। पुलिस द्वारा पूछताछ करने पर सभी ने सार्वजनिक स्थान पर बैठकर शराब सेवन करना स्वीकार किया। इसके बाद सभी को हिरासत में लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बांदे में चिकित्सीय परीक्षण कराया गया। डॉक्टर की रिपोर्ट ▶▶ शेष पेज 10 पर

## अब-तक 108 हितग्राहियों को मिला प्रशिक्षण

# बांस प्रसंस्करण केंद्र से शिल्पों में आया निखार और मिला रोजगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

कभी पारंपरिक बांस शिल्प तक सीमित रहने वाला चारामा का बांस प्रसंस्करण केंद्र आज ग्रामीण आजीविका, कौशल विकास और आत्मनिर्भरता का सशक्त केंद्र बनकर उभरा है। राष्ट्रीय बांस मिशन के तहत स्थापित यह केंद्र न केवल स्थानीय कारीगरों को आधुनिक तकनीक से जोड़ रहा है, बल्कि महिलाओं, युवाओं और स्व-सहायता समूहों को रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर भी प्रदान कर रहा है। आधुनिक डिजाइन और बाजार की मांग के अनुरूप तैयार किए जा रहे बांस उत्पाद अब स्थानीय सीमाओं से निकलकर व्यापक बाजार तक पहुंच बना रहे हैं।

वनमंडलाधिकारी रौनक गोयल ने हरिभूमि से बात करते हुए बताया कि वनांचल क्षेत्रों में निवासरत ग्रामीण एवं आदिवासी समुदायों की आजीविका को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से स्थापित बांस प्रसंस्करण केंद्र चरामा वर्ष 2008 से लगातार कार्य कर रहा है। बस्तर और कांकेर क्षेत्र में बांस केवल एक वन उत्पाद नहीं, बल्कि स्थानीय संस्कृति, जीवनशैली और अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा रहा है।





जिले में दो हजार से अधिक परिवार बांस शिल्प से जुड़े हुए हैं, जिन्हें वन विभाग द्वारा रियायती दरों पर कच्चा बांस उपलब्ध कराया जाता है। केंद्र का मुख्य उद्देश्य असंगठित बांस हस्तशिल्प उद्योग को संगठित स्वरूप देना, स्थानीय युवाओं को तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान करना तथा बांस उत्पादों के निर्माण और विपणन की बेहतर व्यवस्था विकसित करना है। अब तक 16 प्रशिक्षण सत्रों के माध्यम से 108 हितग्राहियों को प्रशिक्षित किया जा चुका है, जिनमें से कई लोग स्वयं का व्यवसाय स्थापित कर आय में वृद्धि कर रहे हैं। प्रशिक्षण में बांस उपचार, कटाई, डिजाइनिंग, फर्नीचर निर्माण, हस्तशिल्प उत्पाद निर्माण, मशीन संचालन तथा उद्यमिता विकास जैसे विषय शामिल हैं।

बांस प्रसंस्करण केंद्र चारामा आज कौशल विकास, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण और ग्रामीण विकास का एक उत्कृष्ट उदाहरण बनकर उभर रहा है। इन उत्पादों को विभिन्न प्रदर्शनियों, मेलों और शासकीय आयोजनों में प्रदर्शित कर बाजार उपलब्ध कराया जा रहा है। वर्तमान में आधुनिक बांस फर्नीचर, सोफा, आराम कुर्सी, डायनिंग टेबल, गार्डन सेट, चटाई, सजावटी वस्तुएं और घरेलू उपयोग के उत्पाद तैयार किए जा रहे हैं।

**खबर संक्षेप**

### कोसरिया यादव समाज की बैठक 7 को

**धमतरी**। जिला कोसरिया यादव समाज की जिला स्तरीय बैठक 7 जून रविवार को कुरूद ब्लाक के ग्राम चरमुड़िया में सामाजिक भवन में आयोजित की गई है। बैठक में सामाजिक बिन्दुओं पर चर्चा की जाएगी। जिला सचिव रामेश्वर यादव ने बताया कि जिला स्तरीय बैठक जिलाध्यक्ष जोहन सिंग यादव के निर्देशानुसार रखी गई है। बैठक में समाज भवन के लिए स्थान चयन, संगठन को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने तथा सामाजिक सहयोग राशि ब्लाक अध्यक्षों द्वारा जमा कराने के साथ अन्य महत्वपूर्ण विषय पर गहन चर्चा होगी।

### सतनामी समाज की ब्लॉक स्तरीय बैठक 7 को देवपुर में

**नगरी**। सतनामी समाज विकासखंड नगरी की ब्लॉक स्तरीय बैठक 7 जून को ग्राम देवपुर स्थित संत शिरोमणि गुरु घासीदास मंदिर प्रांगण में आयोजित की जाएगी। सतनामी समाज नगरी के अध्यक्ष विष्णु कुमार टंडन, सचिव डॉ. घनानंद सोनवानी, कोषाध्यक्ष भगत मन्हरे, उपाध्यक्ष योगेश भट्ट, नंदलाल कश्यप तथा मीडिया प्रभारी चैन सिंह गहने ने बताया कि बैठक का मुख्य उद्देश्य समाज में संगठनात्मक मजबूती, सामाजिक एकता, आपसी समन्वय तथा समाज के समग्र विकास से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श करना है। समाज हित में आवश्यक दिशा-निर्देश तय किए जाएंगे और आगामी गतिविधियों की रूपरेखा भी तैयार की जाएगी।

**निधन**

### अगनूराम दीवान

**दुर्गुकोंदल**। विकासखंड दुर्गूकोदल अंतर्गत ग्राम पंचायत लोहतर निवासी अगनूराम दीवान का बीती रात आकस्मिक निधन हो गया वह कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम लोहतर में किया गया जिसमें बड़ी संख्या में रिश्तेदार ग्रामवासी बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे वे भाजपा कार्यकर्ता नरेश दीवान हिरवेनद दीवान एवं नरेंद्र दीवान के पिता थे।

# 69 पंचायतों के 345 पीएम आवास परिसरों में किया सघन पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जनपद पंचायत केशकाल द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं हरित विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 5 जून को आयोजित इस विशेष अभियान के अंतर्गत जनपद पंचायत क्षेत्र की सभी 69 ग्राम पंचायतों में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के 345 हितग्राहियों के आवास परिसरों में पौधारोपण किया गया। यह अभियान प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ने तथा प्रत्येक घर को हरियाली से आच्छादित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, ग्राम पंचायतों के सरपंचों, पंचों, सचिवों, रोजगार सहायकों, स्व-सहायता समूहों की महिलाओं एवं ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों को वृक्षों के पर्यावरणीय, सामाजिक एवं आर्थिक महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वृक्षारोपण केवल पर्यावरण संरक्षण का माध्यम नहीं है, बल्कि यह आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ वायु, जल संरक्षण, जैव विविधता संवर्धन तथा बेहतर जीवन गुणवत्ता सुनिश्चित करने का भी प्रभावी उपाय है। फलदार पौधों से भविष्य में ग्रामीण परिवारों को पोषण एवं अतिरिक्त आय का लाभ भी प्राप्त होगा।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत केशकाल में अनूठी पहल

### फलदार पौधे लगाए

अभियान की सफलता में वन विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका रही। विभाग द्वारा पौधारोपण के लिए उच्च गुणवत्ता वाले फलदार, छायादार एवं औषधीय पौधे उपलब्ध कराए गए। स्थानीय जलवायु एवं ग्रामीण आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए आम, अमरूद, जामुन, कटहल, शहतूत और इमली जैसे फलदार पौधों के साथ-साथ बोहार एवं अर्जुन (कहवा) जैसे छायादार एवं औषधीय पौधों का रोपण किया गया।



### 'एक पेड़ माँ के नाम'

'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के संदेश को जन-जन तक पहुंचाते हुए सभी हितग्राहियों को अपनी माताओं के सम्मान में लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल, संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प दिलाया गया। ग्रामीणों ने भी पौधों को वृक्ष बनने तक सुरक्षित रखने और अपने आसपास अधिक से अधिक पौधे लगाने का संकल्प व्यक्त किया।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर हिन्दूबिनापाल में पौधारोपण व ग्राम सभा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंतागढ़

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत हिन्दूबिनापाल में वृक्षारोपण कार्यक्रम एवं ग्राम सभा का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पंचायत भवन परिसर में फलदार, छायादार एवं औषधीय पौधों के रोपण के साथ हुई। इस वर्ष की थीम प्लास्टिक प्रदूषण को हराएं के तहत ग्रामीणों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधे लगाए और उनके संरक्षण का संकल्प लिया। वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान जल संरक्षण, स्वच्छता तथा प्लास्टिक मुक्त गांव बनाने पर विशेष जोर दिया गया। ग्रामीणों ने पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाने और अधिक से अधिक पौधे लगाने का संकल्प व्यक्त किया। इसके पश्चात आयोजित ग्राम सभा में पर्यावरण संरक्षण, मनरेगा अंतर्गत वृक्षारोपण कार्य, स्वच्छ भारत मिशन, सड़क एवं नाली निर्माण तथा पेयजल व्यवस्था सहित विभिन्न विकास कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। ग्रामीणों द्वारा दिए गए सुझावों को प्रस्ताव के रूप में दर्ज कर आगामी कार्ययोजना में शामिल करने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर सरपंच सनबती आचाला ने कहा कि प्रकृति के बिना जीवन की कल्पना संभव नहीं है। आज लगाए गए पौधे भविष्य में आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ वातावरण, छाया और शुद्ध हवा प्रदान करेंगे।



### एक पेड़ माँ के नाम अभियान में भाजपा ने किया पौधारोपण

**दुर्गुकोंदल**। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत भाजपा मंडल दुर्गुकोंदल ने मासिक बैठक एवं पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम भाजपा मंडल अध्यक्ष बिदेसिंह कल्लो, जनभागीदारी समिति अध्यक्ष विजय पटेल एवं महाविद्यालय प्राचार्य डीएल बढ़ाई के मार्गदर्शन में हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मंडल की मासिक बैठक से हुई, जिसमें संगठन की मजबूती, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने पर चर्चा की गई। इसके बाद शासकीय कँगलु कुम्हार महाविद्यालय एवं आवासीय कन्या विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया। इस दौरान भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए तथा उनके संरक्षण का संकल्प लिया। भाजपा मंडल अध्यक्ष बिदेसिंह कल्लो ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किया गया एक पेड़ माँ के नाम अभियान पर्यावरण संरक्षण के साथ मातृ सम्मान का भी प्रतीक है। वहीं जनभागीदारी समिति अध्यक्ष विजय पटेल ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए वृक्षारोपण आवश्यक है। जनपद सभापति एवं भाजयुमो मंडल अध्यक्ष विकास राजू नायक ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिवस का विषय नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है।



### 33 वीं वाहिनी केवटी ने किया पौधा रोपण

**अंतागढ़**। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 5 जून 2026 को 33वीं वाहिनी केवटी मुख्यालय एवं उसकी सभी समवायों में वृहद वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान में वाहिनी के अधिकारियों, बलकर्मियों तथा स्थानीय ग्रामीणों ने मिलकर पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण और हरित विकास का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान छायादार, फलदार एवं औषधीय प्रजातियों के विभिन्न पौधे लगाए गए। अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, प्राकृतिक संसाधनों का संवर्धन तथा हरित वातावरण को बढ़ावा देना रहा। वृक्षारोपण में अधिकारियों, जवानों और ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाते हुए पौधों के संरक्षण का भी संकल्प लिया। इस अवसर पर 33वीं वाहिनी के कमांडेंट ने कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण की रक्षा नहीं करते, बल्कि स्वच्छ वायु, जल संरक्षण, जैव विविधता के संवर्धन और आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य का आधार भी हैं। उन्होंने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन जैसी वैश्विक चुनौतियों के बीच वृक्षारोपण प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी और कर्तव्य का प्रतीक है। उन्होंने सभी नागरिकों से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनके संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए हरित, स्वच्छ और समृद्ध भारत के निर्माण का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान वृक्ष हैं तो जीवन है, वृक्ष हैं तो भविष्य है का संदेश देते हुए पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता का आव्हान किया गया।





## धनेलीकन्हार की ग्रामसभा में पर्यावरण संरक्षण की ली शपथ

**धनेलीकन्हार**। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 5 जून को ग्राम पंचायत धनेलीकन्हार में वृक्षारोपण कार्यक्रम के साथ विशेष ग्रामसभा का आयोजन किया गया। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और प्राकृतिक संसाधनों के संवर्धन को लेकर संगोष्ठी आयोजित की गई, जिसमें ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों और महिलाओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्रामसभा अध्यक्ष बिनको पोटाई ने किया। उन्होंने पर्यावरण दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए पेड़ों और जंगलों के संरक्षण की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि प्रकृति और मानव जीवन का अस्तित्व एक-दूसरे से जुड़ा हुआ है तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए सभी को मिलकर प्रयास करना होगा। जनपद सदस्य सरस्वती केमरो ने कहा कि जंगल, पेड़ और पहाड़ हमारी जीवनरेखा हैं। पेड़ों से ही हमें जीवनदायिनी ऑक्सीजन और शुद्ध हवा प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में बढ़ती गर्मी और जलवायु परिवर्तन की समस्या का स्थायी समाधान अधिक से अधिक वृक्षारोपण ही है। पेड़ लगेंगे तभी वर्षा होगी और पर्यावरण संतुलित रहेगा।

आदिवासी समता मंच की अध्यक्ष इदू नेताम ने विश्व पर्यावरण दिवस की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर जानकारी देते हुए कहा कि मिट्टी, जल और वायु का प्रदूषण लगातार बढ़ रहा है। यदि समय रहते प्रदूषण पर नियंत्रण नहीं किया गया तो आने वाली पीढ़ियों को विषाक्त वातावरण विरासत में मिलेगा। उन्होंने जैव विविधता, जंगल, जमीन, मिट्टी और जल स्रोतों के संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता बताई। सरपंच मधु मंडावी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण की शुरुआत घर से ही होनी चाहिए। उन्होंने घरेलू कचरे, विशेषकर पॉलिथीन और कांच के अपशिष्ट के पृथक संग्रहण एवं उचित प्रबंधन पर जोर दिया।

## नए शिक्षा क्षत्र की तैयारी पर जर्जर भवन है जस के तस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल

केंद्र एवं राज्य सरकार एक ओर शिक्षा की गुणवत्ता बनाये रखने हेतु कई प्रयास कर रही है और कई कदम उठाए जा रहे हैं वही दूसरी ओर केशकाल के बड़पारा के प्राथमिक स्कूल की स्थिति बद से बदतर होती जा रही है, भवन जर्जर हो चुके हैं सामने दीवाल भी कभी भी गिर सकती है जिससे कभी भी अप्रिय घटना सकती है..।

**भवन के निर्माण हेतु कई बार प्रयास :-** शाला समिति के अध्यक्ष पहाड़ सिंह यादव ने बताया कि इस स्कूल के निर्माण हेतु कई बार प्रयास किया गया है, स्कूल के पदाधिकारीयों एवं जनप्रतिनिधियों के द्वारा कई बार प्रस्ताव बनाकर दिया गया है लेकिन स्थिति जस कि तस है जिला मे जाकर फिर फ़ाइल अटक जाती है..।

**160 बच्चो कि जिन्दी खतरे मे :-** बड़पारा के प्राथमिक स्कूल में 160 बच्चे अध्यनरत है और हर दिन इस जर्जर भवन से गुजरना होता है बच्चों के पालको का कहना है इस बार शिक्षा सत्र आरंभ होने वाला है और फिर हमारे सामने समस्या है कि बच्चों को इस स्कूल मे कैसे भेजे जब भवन ही जर्जर है..।

दो सांसद दो विधायक इस क्षेत्र से कर चुके हैं प्रतिनिधित्व :- बड़पारा वह स्थान है जहाँ अविभाजित मध्य प्रदेश के समय मे दो सांसद एवं दो विधायक इस क्षेत्र से निर्वाचित हो चुके हैं फिर भी ऐसे महत्वपूर्ण स्थान पर भी शिक्षा के बुनियादी आवश्यकताओं के लिए नगर वासियों को जद्दोजहद करना पड़ रहा है जो शासन प्रशासन की निष्कर्ता को दर्शाता है..।



## सुशासन तिहार शिविर में बिहान की महिलाओं को मिली 19.32 करोड़ की आर्थिक सहायता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

ग्राम बड़ेकनेरा में आयोजित सुशासन तिहार शिविर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बिहान से जुड़ी महिला स्व–सहायता समूहों की महिलाओं को आजीविका गतिविधियों के विस्तार एवं स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए 19 करोड़ 32 लाख 76 हजार रुपये की ऋण सहायता राशि के चेक वितरित किए।

**महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनने की शुभकामनाएं** – मुख्यमंत्री ने सहायता राशि प्रदान करते हुए महिलाओं को नई आजीविका गतिविधियां शुरू करने और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने के लिए शुभकामनाएं दीं। चेक प्राप्त करने के बाद महिला समूहों की सदस्यों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया।

**लखपति पखवाड़ा अभियान के तहत मिली सहायता** – यह आर्थिक सहायता जिला प्रशासन एवं जिला पंचायत के मार्गदर्शन में जिला मिशन प्रबंधन इकाई द्वारा संचालित 'लखपति पखवाड़ा अभियान' के अंतर्गत प्राप्त मांगों के आधार पर उपलब्ध कराई गई है।

**महिलाओं की आय बढ़ाने पर विशेष फोकस** – भारत सरकार की 'लखपति दीदी योजना' के तहत संचालित इस अभियान का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को आजीविका गतिविधियों से जोड़कर उनकी आय बढ़ाना और उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना है। इसके तहत कृषि, पशुपालन, लघु उद्योग और अन्य स्वरोजगार गतिविधियों के लिए ऋण सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। लखपति पखवाड़ा अभियान को ग्राम पंचायत स्तर पर चार चरणों में संचालित किया गया। पहले चरण में महिलाओं से मांग प्राप्त की गई, दूसरे चरण में संकुल स्तरीय संगठनों द्वारा राशि उपलब्ध कराई गई, तीसरे चरण में ग्राम संगठनों के माध्यम से समूहों तक राशि पहुंचाई गई और चौथे चरण में समूह सदस्यों को राशि वितरित की गई। जिला प्रशासन के अनुसार अभियान में उन महिलाओं को भी प्राथमिकता दी जा रही है, जो पहली बार किसी आजीविका गतिविधि से जुड़कर अपनी आय बढ़ाना चाहती हैं। इससे ग्रामीण महिलाओं की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और वे 'लखपति दीदी' बनने की दिशा में आगे बढ़ सकेंगी।




## पर्यावरण दिवस पर डांगरा में किसानों को मेड़ों पर पौधे लगाने की दी प्रेरणा

**दुर्गुकोंदल**। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत भंडारडिगी के आश्रित ग्राम डांगरा में पर्यावरण संरक्षण एवं जनजागरूकता को लेकर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान, जल संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण से संबंधित गतिविधियों के माध्यम से ग्रामीणों को प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का बोध कराया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों, महिलाओं एवं युवाओं को विभिन्न प्रकार के वन एवं फलदार वृक्षों जैसे आम, इमली, हर्रा, चार, अर्जुन, सरई तथा महुआ के बीजों का संग्रहण एवं उनसे सीड बॉल बनाने की विधि की जानकारी दी गई।



विशेषज्ञों ने बताया कि सीड बॉल तकनीक के माध्यम से बड़े पैमाने पर पौधारोपण एवं हरित क्षेत्र का विस्तार किया जा सकता है। साथ ही इन वृक्षों के पर्यावरणीय, औषधीय एवं आर्थिक महत्व पर भी विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में लोगों को बताया गया कि वृक्ष मानव जीवन के लिए अमूल्य हैं। वे न केवल शुद्ध वायु प्रदान करते हैं बल्कि जल संरक्षण, मिट्टी संरक्षण तथा जैव विविधता को बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ग्रामीणों को प्रेरित किया गया कि वे अपने खेतों की मेड़ों पर अधिक से अधिक पौधे लगाएं और उनकी नियमित देखभाल करें। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण एवं प्लास्टिक के उपयोग को कम करने का सामूहिक संकल्प भी दिलाया गया। वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ते जल संकट एवं जलवायु परिवर्तन की चुनौतियां गंभीर चिंता का विषय हैं।

### खेत बचाव जागरूकता अभियान में किसानों को दी अहम जानकारी

**भानुप्रतापपुर**। फसलों की रक्षा के लिए राष्ट्रव्यापी खेत बचाओ अभियान चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य रासायनिक उर्वरकों के अंधाधुंध उपयोग को कम कर, मृदा स्वास्थ्य में सुधार करना और प्राकृतिक व वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देना है।

भानुप्रतापपुर विकासखंड के ग्राम बैजनपुरी सहकारी समिति में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी प्रवीण कवाची द्वारा किसानों को मिट्टी को बचाने के उपाय बताया गया, जिसमे फसल कटाई के बाद अवशेषों को जलाना पर्यावरण और मिट्टी दोनों के लिए नुकसानदायक है। फसल अवशेषों के उचित प्रबंधन के लिए वैज्ञानिक और व्यावहारिक तरीकों का उपयोग किया जा सकता है। इसके लिए मशीनों, बायो-डीकंपोजर कीमत 20 रुपएं का डिब्बी का उपयोग करके या अवशेषों को खेत में दबाकर खाद बनाने से मिट्टी की उपजाऊ क्षमता बढ़ती है और अगली फसल के लिए खेत आसानी से तैयार हो जाता है। फसल कटाई के बाद रोटावेटर चलाकर अवशेषों को मिट्टी में आसानी से मिलाया जा सकता है।



डीकंपोजर प्रयोग से फसल अवशेष 20-30 दिनों में गलकर जैविक खाद में बदल जाते हैं। फसल अवशेष प्रबंधन के लाभ खेत में अवशेष छोड़ने से मिट्टी की नमी का संरक्षण होता है और पानी की बचत होती है। मिट्टी में कार्बनिक पदार्थों और सूक्ष्म पोषक तत्वों की मात्रा में वृद्धि होती है।अगली फसल में रासायनिक खादों के उपयोग पर निर्भरता कम होती है। फसल अवशेष प्रबंधन के प्रमुख लाभ मिट्टी की उर्वरता में वृद्धि डंठलों को रोटावेटर या मल्चर की मदद से मिट्टी में मिलाने से कार्बनिक पदार्थों और ह्यूमस की मात्रा बढ़ती है।

## तैयारियों को लेकर जिला पंचायत सीईओ ने दिए दिशा–निर्देश

# जिला स्तरीय रोजगार और आवास दिवस आज मनाएंगे, तैयारी पूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

शासन के निर्देशानुसार आगामी 7 जून को जिले में रोजगार दिवस एवं आवास दिवस का विशेष आयोजन किया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण आयोजन को लेकर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई द्वारा विभागीय अधिकारियों और मैदानी अमले को समय–सीमा के भीतर सभी आवश्यक तैयारियां व कार्य पूर्ण करने के सख्त निर्देश जारी किए गए हैं।

**आवास दिवस**– लंबित मकानों को प्राथमिकता से पूरा करने के निर्देश – आवास दिवस के सफल क्रियान्वयन के लिए सीईओ ने निर्देशित किया है कि ग्रामीण क्षेत्रें में आवास निर्माण के कायोर्ं में तेजी लाई जाए। इसके तहत सभी अपूर्ण आवासों को शीघ्रता से पूरा कराने के लिए संबंधित हितग्राहियों को लगातार प्रोत्साहित किया जाएगा। प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण तथा मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत जितने भी आवास अभी लंबित हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर तत्काल पूर्ण कराया जाएगा। इसके साथ ही आवास योजनाओं से जुड़ी ग्रामीण स्तर पर प्राप्त होने वाली सभी शिकायतों का त्वरित और समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश दिए गए हैं।

**रोजगार दिवस** – श्रमिकों को मिलेगा अधिकतम काम, जल संरक्षण पर जोर – रोजगार दिवस के अवसर पर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने और श्रमिकों को संबल प्रदान करने के लिए व्यापक कार्ययोजना बनाई गई है। ग्रामीण श्रमिकों को रोजगार के अधिकारों के प्रति जागरूक करते हुए उनकी मांग के अनुसार अधिकतम रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। वर्षा ऋतु मानसून प्रारंभ होने से ठीक पहले जल संरक्षण एवं जल संवर्धन से संबंधित सभी कायोर्ं को अनिवार्य रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही आगामी वृक्षारोपण की तैयारियों को विशेष प्राथमिकता दी जा रही है तथा जलदूत ऐप में निर्धारित समय–सीमा के भीतर डेटा अपलोडिंग सुनिश्चित की जाएगी। डिजिटल पेमेंट को बढ़ावा देने के लिए क्यूआर कोड का व्यापक प्रचार–प्रसार किया जाएगा।

### व्हीबीजीरामजी योजना का होगा व्यापक प्रचार–प्रसार

जिले में ग्रामीण विकास को गति देने वाली व्हीबीजीरामजी योजना के क्रियान्वयन को लेकर विशेष निर्देश जारी किए गए हैं। इस योजना के अंतर्गत जिले के विभिन्न क्षेत्रें में अनेक विकास कायोर्ं की स्वी—तियां प्रदान की गई हैं, जिनमें से कई कार्य पूर्ण हो चुके हैं। इन स्वी—त एवं पूर्ण हो चुके सभी विकास कायोर्ं की विस्तृत जानकारी ग्रामीणों तक पहुँचाने के लिए व्यापक स्तर पर प्रचार–प्रसार किया जाएगा। प्रचार–प्रसार का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को योजना के लाभों के प्रति जागरूक करना है ताकि वे स्थानीय स्तर पर हो रहे विकास कायोर्ं में अपनी सक्रिय भागीदारी निभा सकें।

### मनरेगा अंतर्गत 14.49 करोड़ का मजदूरी भुगतान पूर्ण, 15 जून तक की डेडलाइन तय

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना मनरेगा के तहत श्रमिकों को लगातार मजदूरी राशि का भुगतान किया जा रहा है। चालू वित्तीय वर्ष के माह अप्रैल से लेकर अब तक की स्थिति में जिले के श्रमिकों के खातों में लगभग 14 करोड़ 49 लाख रुपये की मजदूरी राशि का शत–प्रतिशत भुगतान पूर्ण किया जा चुका है और यह प्रक्रिया निरंतर जारी रहेगी। जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई ने स्पष्ट किया है कि मानसून पूर्व जितने भी मजदूरी मूलक कार्य हैं, उन्हें पूरा करने के लिए एक विशेष कार्ययोजना तैयार की गई है। उन्होंने जिले के समस्त मैदानी अमले को निर्देशित किया है कि 15 जून तक अधिक से अधिक कायोर्ं को हर हाल में पूर्ण कर लिया जाए।

### पेज 09 के शेष...

**गट्टाकाल के जंगल ...**

जिले के सीमावर्ती एवं नक्सल प्रभावित क्षेत्रें में लगातार सर्चिंग अभियान जारी है। जवान जंगलों में नक्सलियों द्वारा छिपाकर रखे गए आईईडी, हथियार और अन्य सामग्रियों की तलाश में जुटे हैं।

**सार्वजनिक स्थान पर ...**

में शराब सेवन की पुष्टि होने पर आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 36(च) के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने सभी आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार किया, लेकिन मौके पर जमानतदार प्रस्तुत किए जाने के कारण उन्हें जमानत मुचलके पर रिहा कर दिया गया। मामले में अपराध पंजीबद्ध कर आगे की विवेचना की जा रही है।

**किसान हित में ...**

को गांव-गांव तक पहुंचाते हुए किसानों के हितों की रक्षा और संगठन विस्तार में महत्वपूर्ण योगदान देगी। पूर्व सांसद ने मोहन मंडावी ने प्राचीन खेती पर प्रकाश डाला। जिला किसान मोर्चा अध्यक्ष हेमेंद्र बंटी ठाकुर ने जिले के सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों का परिचय कराया और संगठनात्मक गतिविधियों की जानकारी साझा की। आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर, प्रदेश सह संयोजक मिलेट्स विजय मांडवी एवं किसान मोर्चा के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री यशवंत सुरोजिया ने किया, जबकि अंत में जिला महामंत्री खेम तिवारी ने आभार व्यक्त करते हुए बैठक के समापन की घोषणा किया।

**खबर संक्षेप**

## पौधरोपण प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व : कमांडेंट



**जगदलपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कोबरा परिसर करनपुर में 201 एवं 204 कोबरा बटालियन ने पर्यावरण संरक्षण एवं जन-जागरूकता के उद्देश्य से वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया। इस दौरान अधिकारियों एवं कमाण्डोज ने बटालियन परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए। कमांडेण्ट ने पर्यावरण संरक्षण, जैव विविधता के विकास तथा स्वच्छ एवं हरित वातावरण के महत्व के बारे में बताया। साथ ही अधिक से अधिक वृक्ष लगाने एवं उनके संरक्षण हेतु सतत प्रयास करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिवस का कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का जीवनभर का नैतिक दायित्व है। कार्यक्रम में उपस्थित कमाण्डोज ने पर्यावरण संरक्षण तथा प्राकृतिक संसाधनों के संवर्धन हेतु सक्रिय योगदान देने की शपथ ली।

## बटालियन ने मनाया विश्व पर्यावरण दिवस



**गीदम।** 231 बटालियन ने वाहिनी प्रांगण में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया। इस अवसर पर सुनील भवर कमाण्डेंट ने पौधरोपण किया तथा जवानों को पर्यावरण की सुरक्षा पर संबोधित किया। इस अवसर पर कमाण्डेंट ने किए जा रहे पौधरोपण अभियान की समीक्षा की तथा जवानों को निर्देशित किया। आगामी वृक्षारोपण अभियान हेतु वाहिनी को प्रदान किए गए लक्ष्य को बरसात के शुरूआती चरणों में ही पूर्ण किया जाए ताकि रोपे गए पौधे बरसात के मौसम में ही वृद्धि उचित प्रकार से कर सकें। इस अवसर पर वाहिनी की सुदूर तैनात समवायों में भी वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया तथा स्थानीय नागरिकों ने वाहिनी द्वारा किए जा रहे जन-कल्याण कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा की तथा केंद्रीय रिजर्व पुलिस का धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर सतीश कुमार मलिक

# बस्तरिया बटालियन ने कैम्प में लगाए पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा



विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 241 बस्तरिया बटालियन ने 5 जून को सेडवा स्थित मुख्यालय कैम्प परिसर के क्षेत्र में पौधरोपण किया गया जिसमें 165 पौधे लगाये गये। कार्यकम के मुख्य अतिथि संजय कुमार द्वितीय कमान अधिकारी ने उपस्थित सभी अधिकारी एवं जवानों को सम्बोधित करते हुए बताया कि आज पूरी दुनिया जलवायु परिवर्तन और बढ़ते प्रदूषण जैसी गंभीर चुनौतियों का सामना कर रही है। प्राकृतिक संतुलन को बनाए रखने और शुद्ध वायु सुनिश्चित करने के लिए वृक्षारोपण अत्यंत आवश्यक है। आज हम सबको इसके लिए जागरूक होकर आने वाली पीढ़ियों के लिए एवं पर्यावरण को बचाने के लिए अधिकाधिक पौधे लगाने की आवश्यकता है। कार्यकम में निरंजन कुमार निराला उप कमाण्डेट, प्रमोद कुमार मीना उप कमाण्डेट एवं बटालियन के अधिनस्थ अधिकारी एवं जवान मौजूद रहे।

# 217 बटालियन ने लगाए फलदार व छायादार पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा



विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 217 वाहिनी केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल ने पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के संकल्प को साकार करने हेतु बटालियन कि सभी कंपनियों के परिचालनिक क्षेत्र तुमालभट्टी, वेलकनगुड़ा, सालाटोंग, धर्मापेंटा में व्यापक वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न प्रकार के फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया। कार्यक्रम के दौरान एफ 217 बटालियन तुमालभट्टी में नीर सिंह मीणा द्वितीय कमान अधिकारी ने पौधरोपण किया तथा जवानों को पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों तथा वृक्षों के महत्व के बारे में संबोधित करते हुए कहा कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ एवं स्वस्थ पर्यावरण सुनिश्चित करने हेतु प्रत्येक व्यक्ति को अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी देखभाल करने का संकल्प लेना चाहिए। बताया कि 217 वाहिनी सीआरपीएफ द्वारा भविष्य में भी पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक उत्तरदायित्व से जुड़े ऐसे जनहितकारी कार्यक्रम समय समय पर निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे।

# जिन हाथों में कभी बंदूकें थीं, अब वो बनाएंगे दूसरों के आशियाने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा



कभी घोर नक्सल प्रभावित रहे सुकमा जिले में शांति और विकास की एक नई इबारत तलाश की जा रही थी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में आत्मसमर्पित नक्सलियों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए शासन ने एक ऐसी संवेदनशील और दूरदर्शी पहल की है, जो पूरे देश के लिए मिसाल बन गई है। एक समय जिन हाथों में विनाश की बंदूकें थीं, आज जिला प्रशासन और एसबीआई आरसेटी ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के संयुक्त प्रयासों से उन्हीं हाथों में निर्माण के

**■ अब तक 280 आत्मसमर्पितों को मिला राजमिस्त्री का प्रशिक्षण**

औजार और सुनहरे भविष्य के सपने हैं। पुनर्वास केंद्र में रह रहे 25 आत्मसमर्पित नक्सलियों जिसमें 13 महिलाएं और 12 पुरुष शामिल हैं,को राजमिस्त्री का व्यावसायिक प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भरता की ओर एक मजबूत कदम बढ़ाया गया है ।

प्रशासन का यह अभियान केवल कौशल विकास तक सीमित नहीं है, बल्कि यह दुर्गम, पहुंचविहीन और विकास से दूर रहे क्षेत्रों की बुनियादी समस्याओं को दूर करने का एक अचूक मास्टरस्ट्रोक भी है। लंबे समय से इन अंदरूनी इलाकों में कुशल राजमिस्त्रियों की कमी के कारण विकास कार्य थमे हुए थे। अब ये प्रशिक्षित युवा प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण और अन्य भवन निर्माण के तहत जिले के अधूरे और नए आवासों को अपने हाथों से तराशेंगे। इस तरह प्रशासन ने एक ही प्रयास से न सिर्फ इन युवाओं को सम्मानजनक रोजगार देकर उनका आर्थिक व सामाजिक समावेशन सुनिश्चित किया है, बल्कि सुकमा के विकास कार्यों को भी एक नई रफ्तार और गुणवत्ता दी है।

अरलमपल्ली, कोंटा निवासी हूंगी सोड़ी की आंखों में अब डर नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता की नई चमक है। हिंसा का रास्ता छोड़ जिंदगी की नई शुरुआत करने वाली हूंगी ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को दिल से धन्यवाद देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने हमारे रहने, खाने और सम्मान से जीने का पूरा इंतजाम किया है। यहाँ राजमिस्त्री का काम सीखकर हम न सिर्फ अपने पैरों पर खड़े होंगे, बल्कि मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का सहारा भी बनेंगे।

कलेक्टर अमित कुमार ने बताया कि आत्मसमर्पण का वास्तविक अर्थ सिर्फ हथियार छोड़ना नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर बनकर समाज की मुख्यधारा में शामिल होना है। अब तक लगभग 280 आत्मसमर्पित युवाओं को राजमिस्त्री का प्रशिक्षण दिया जा चुका है। पुनर्वासित युवाओं को कौशल प्रशिक्षण देकर स्थायी व सम्मानजनक जीवन देना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। यह पहल सुकमा में शांति, विश्वास और विकास की मजबूत नींव रख रही है।

जगरगुंडा के मंडीमरका निवासी पदम रैनू की कहानी बस्तर में आ रहे बदलाव की एक जीती-जागती तस्वीर है, जिन्होंने अतीत के अंधेरे को पीछे छोड़ खुशहाल भविष्य की ओर कदम बढ़ाया है। छत्तीसगढ़ सरकार की इस संवेदनशील पुनर्वास नीति की तारीफ करते हुए पदम भावुक होकर कहते हैं, पहले हमारा जीवन जंगलों में बेहद कठिनाई और अनिश्चितता में बीतता था, जहां रहने-खाने का कोई ठिकाना नहीं था; लेकिन आज सरकार की बदौलत हमें यहाँ बेहतरीन आवासीय सुविधाएं और राजमिस्त्री बनने का प्रशिक्षण मिल रहा है। इससे हम आत्मनिर्भर बनेंगे, अपने और अपने परिवार का पालन पोषण करेंगे। छत्तीसगढ़ सरकार हमारे पुनर्वास के लिए बहुत अच्छा काम कर रही है। इसके लिए सरकार को बहुत बहुत धन्यवाद।

जिला प्रशासन का यह अनुकरणीय प्रयास यह साबित करता है कि अगर प्रशासन संवेदनशील हो, तो बंदूक की गोली पर विकास और विश्वास की बोली भारी पड़ती है, जिससे बस्तर की वादियों में स्थायी शांति का मार्ग प्रशस्त हो रहा है। जिला प्रशासन के इस आत्मीय प्रयास ने न केवल पदम, सोड़ी हूंगी जैसे युवाओं को जंगलों के खौफ से आजादी दिलाई है, बल्कि उनके हाथों में हुनर सौंपकर समाज में सम्मान से जीने और अपने परिवार का बेहतर पालन-पोषण करने का एक अटूट भरोसा भी दिया है।

# पर्यावरण को संरक्षित रखने दिलाई शपथ




हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

पर्यावरण को संरक्षित रखने के लिए जलवायु संरक्षण हेतु वैश्विक आह्वान के विषय में शासन के निर्देशानुसार नगर पंचायत गीदम में 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर में वार्ड क्रमांक 14 कड़तीपारा में स्थित गोठान में नगर

**■ ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम के नियमों का पालन करने दिए निर्देश**

के जनप्रतिनिधिगण एवं नगर पंचायत के अधिकारी, कर्मचारियों के द्वारा पौधरोपण किया गया एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी हुलसी प्रधान के मार्गदर्शन में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम का समस्त घटकों के बारे में सुचारू रूप से पालन करने हेतु संक्षिप्त में उल्लेख एवं चर्चा किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा पर्यावरण को संरक्षित रखने हेतु शपथ भी दिलाई गई।

### पर्यावरण को बचाने अधिक से अधिक पौधे लगाए

मुख्य नगर पालिका अधिकारी हुलसी प्रधान ने कहा कि पर्यावरण को बचाने के लिए सबसे महत्वपूर्ण कार्य अधिक से अधिक पौधरोपण करना है। उन्होंने समस्त नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करना है। आसपास हरियाली रखते हुए पेड़ पौधों अधिक से अधिक लगाने नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों को प्रेरित किया।

इस कार्यक्रम में पार्षद मनकु लेकामी, दिलीप सोनी, सूरज सिंह ठाकुर, खिलावन सागर, अवधेश गुप्ता, कृष्णा नाग, मनीषा यादव, उप अभियंता रोहित कुमार नाग एवं नगर पंचायत के कर्मचारीगण की भागीदारी रही।

# ग्रामीणों ने रेली तसर इको रेस के महत्व को समझा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

केंद्रीय रेशम बोर्ड के तहत केंद्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान रांची की इकाई क्षेत्रीय रेशम उत्पादन अनुसंधान केंद्र जगदलपुर ने 4 जून को बस्तर जिले के ग्राम रेटावंड में रेली तसर इको-रेस जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम का आयोजन सीएसबी बुनियादी बीज प्रगुणन एवं प्रशिक्षण केंद्र बस्तर बीटीएसएसओ छत्तीसगढ़ शासन के रेशम विभाग और कृषि विभाग के सहयोग से किया गया। इसमें 50 से अधिक ग्रामीणों ने भाग लेकर बस्तर की विशिष्ट रेली तसर इको-रेस, उसके पोषक वृक्षों और पारंपरिक ज्ञान के संरक्षण के महत्व को समझा।

कार्यक्रम में किसानों के साथ समूह चर्चा हुई, जिसमें संरक्षण और आजीविका संवर्धन से जुड़े मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। मुख्य अतिथि एआर रिज़वी, सेवानिवृत्त वरिष्ठ रेशम निरीक्षक और उपसरपंच चेतन सिंह ठाकुर ने ग्रामीणों को संरक्षण गतिविधियों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। डॉ. अरविंद कुमार एस., डॉ. बी. तिरुपम रेड्डी, वाई. प्रवीण रेड्डी, सुनील कुमार परिछा, टीएच सिद्दीकी, इंद्रनाथ भारद्वाज और संतोष मौर्य ने रेली तसर इको-रेस संरक्षण, पोषक वृक्षों के संवर्धन, गुणवत्तापूर्ण बीज उत्पादन, उन्नत तसर प्रौद्योगिकियों और सामुदायिक आधारित आजीविका विकास पर अपने विचार साझा किए।

विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में अतिथियों, वैज्ञानिकों, अधिकारियों और ग्रामीणों ने मिलकर अर्जुन पौधों का रोपण किया। वक्ताओं ने कहा कि रेली तसर इको-रेस बस्तर की जैव विविधता, जनजातीय परंपराओं और वन-आधारित आजीविका का अभिन्न हिस्सा है। इसके संरक्षण के लिए प्राकृतिक आवासों की रक्षा, साल सहित पोषक वृक्षों का संरक्षण और व्यापक रोपण जरूरी है। सभी प्रतिभागियों ने अपनी माता के नाम पर कम से कम एक पेड़ लगाने, वनों की रक्षा करने और भावी पीढ़ियों के लिए रेली तसर इको-रेस को सुरक्षित रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन सामूहिक शपथ और समूह छायाचित्र के साथ हुआ।



# अधिक से अधिक पौधे लगाने और रक्षा करने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एनएसएस इकाई, एनएमडीसी डीएवी पॉलिटेक्निक दंतेवाड़ा द्वारा माय भारत के सहयोग से पौधरोपण अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधों के रोपण के साथ हुआ।

इस अवसर पर संस्थान के प्राचार्य डॉ. मुकेश ठाकुर ने उपस्थित विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों को पर्यावरण संरक्षण एवं प्रकृति संवर्धन की शपथ दिलाई। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिन का अभियान नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का सतत दायित्व है। उन्होंने सभी को अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनके संरक्षण का संकल्प लेने के लिए प्रेरित किया। वृक्षारोपण अभियान में तेजपत्ता, आंवला, कटहल, शीशम सहित विभिन्न पुष्पीय एवं छायादार पौधों का रोपण किया। कार्यक्रम में एनएसएस स्वयंसेवकों, विद्यार्थियों एवं संस्थान के स्टाफ ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा पौधों की देखभाल का संकल्प लिया। कार्यक्रम में माय भारत दंतेवाड़ा के जिला युवा अधिकारी आदित्य पांडे तथा माय भारत के स्टाफ सदस्य विवेक कुमार एवं रेशमा स्वर्णकार उपस्थित रहे। उन्होंने युवाओं को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करते हुए पौधरोपण के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का समापन पर्यावरण संरक्षण के संदेश एवं पौधों की नियमित देखभाल के संकल्प के साथ हुआ। उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने हरित एवं स्वच्छ पर्यावरण निर्माण में सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर लगाए पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा




विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत बड़े चकवा में ग्राम पंचायत एवं कृषि विज्ञान केंद्र जगदलपुर के संयुक्त तत्वावधान में पर्यावरण जागरूकता एवं पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में ग्रामीणों, किसानों, जनप्रतिनिधियों एवं कृषि वैज्ञानिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा पर्यावरण संरक्षण और प्राकृतिक संसाधनों के संवर्धन का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. वेंकटेश्वर ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा संचालित खेत बचाओ अभियान एवं स्वस्थ मिट्टी, सशक्त किसान, समृद्ध भारत अभियान के माध्यम से किसानों को भूमि की उर्वरा शक्ति बढ़ाने तथा टिकाऊ कृषि पद्धतियों को अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग से मिट्टी की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है, इसलिए किसानों को जैविक खेती की ओर बढ़ना चाहिए। गोबर खाद, वर्मी कम्पोस्ट, जीवामृत एवं अन्य जैविक खादों का उपयोग मिट्टी की सेहत सुधारने के साथ-साथ उत्पादन क्षमता को भी बढ़ाता है।

उन्होंने किसानों को नियमित रूप से मिट्टी परीक्षण कराने की सलाह देते हुए कहा कि खेत की मिट्टी में उपलब्ध पोषक तत्वों की जानकारी के आधार पर ही उर्वरकों का उपयोग करना चाहिए। इससे अनावश्यक खर्च कम होगा और फसलों को संतुलित पोषण मिलेगा। डॉ. वेंकटेश्वर ने फसल अवशेषों को जलाने की प्रवृत्ति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इससे पर्यावरण प्रदूषित होता है तथा मिट्टी के लाभकारी जीवाणु नष्ट हो जाते हैं। उन्होंने किसानों को अवशेषों से जैविक खाद एवं हरी खाद तैयार करने की सलाह दी। साथ ही जल संरक्षण, प्राकृतिक संसाधनों के संतुलित उपयोग एवं पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर भी प्रकाश डाला। इस अवसर पर डॉ. कमल किशोर कश्यप ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन के दौर में प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है कि वह अधिक से अधिक पौधे लगाए और उनका संरक्षण करे। विशेष रूप से फलदार, छायादार एवं विलुप्तप्राय प्रजातियों के पौधों का रोपण और संरक्षण समय की आवश्यकता है। उन्होंने किसानों से रासायनिक खादों का उपयोग कम करने तथा जीवामृत और अन्य जैविक विकल्पों को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हमें ऐसी खेती को बढ़ावा देना होगा जो मिट्टी, जल और पर्यावरण के लिए सुरक्षित हो तथा कृषि को दीर्घकालिक रूप से लाभकारी बनाए।

# वृक्ष हमारे जीवन का आधार : नाग




हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिले के विभिन्न वन परिक्षेत्रों में पर्यावरण संरक्षण एवं जन-जागरूकता को लेकर विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान व्यापक स्तर पर पौधारोपण कर हरित वातावरण बनाने का संदेश दिया गया। इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस की थीम प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करें रखी गई है, जिसके माध्यम से पर्यावरण को प्लास्टिक मुक्त बनाने का संदेश दिया जा रहा है। वन परिक्षेत्र गीदम अंतर्गत एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय गीदम में भव्य पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षारोपण के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी सुरक्षा करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में उप वनमंडल अधिकारी वी. एन. नाग, रेंजर गीदम शिव टंडन, एकलव्य विद्यालय गीदम के प्राचार्य, उप वन क्षेत्रपाल के. राजू, एसबीआई ब्रांच मैनेजर सहित वन विभाग के समस्त सहायक परिक्षेत्र अधिकारी, बीट फॉरेस्ट ऑफिसर एवं विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर एसडीओ श्री नाग ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिवस तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि इसे जनआंदोलन के रूप में आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं और आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए आज से ही प्रकृति संरक्षण की दिशा में सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया तथा विद्यार्थियों एवं उपस्थित जनों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई।

SIDDHIVINAYAK NEW BORN & CHILD HOSPITAL
सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)
मो. 9981321524 / 7223011528

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर)
फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

### क्रिकेट प्रतियोगिता में डीके 11 बनी विजेता



**दुर्गुकोंदल।** नगरी में आयोजित रात्रिकालीन टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल में डीके 11 दुर्गुकोंदल ने बेलर टीम को 6 विकेट से हराकर खिताब अपने नाम किया। रोमांचक मुकाबले में डीके 11 ने शानदार गेंदबाजी और मजबूत बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया। विजेता टीम को 51 हजार रुपये नगद एवं ट्रॉफी, जबकि उपविजेता बेलर को 25 हजार रुपये नगद एवं ट्रॉफी प्रदान की गई। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच देने के साथ युवाओं में खेल भावना और नेतृत्व क्षमता का विकास करती हैं।

### स्कूटी की टक्कर से साइकिल सवार घायल, विवेचना प्रारंभ



**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत ग्राम कण्डेल में सड़क दुर्घटना का मामला सामने आया है। तेज एवं लापरवाहीपूर्वक चलाई जा रही स्कूटी की टक्कर से एक साइकिल सवार मजदूर घायल हो गया। चारामा थाना में शिकायत करने पहुंचे ग्राम कण्डेल निवासी भोजराज निषाद ने पुलिस को बताया कि 5 जून की रात मेरे पिता विजय निषाद अरिहंत राइस मिल में काम समाप्त कर अपने साथियों झूमुकलाल साहू, नरेन्द्र कुमार, दिलीप भुआर्य एवं पुरुषोत्तम टेकाम के साथ अपने-अपने वाहन से घर लौट रहे थे। रात करीब साढ़े 8 बजे जब वे बजरंगबली मंदिर के सामने मुख्य मार्ग पर पहुंचे, तभी धमतरी रोड की ओर से आ रही स्कूटी क्रमांक सीजी 05 एयू 2852 के चालक ने वाहन को तेज एवं लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर लगने से सड़क पर गिर गया, जिससे बाएं कान, बाईं पीठ तथा दाहिने पैर की एड़ी में चोटें आईं। दुर्घटना के बाद उनके साथ मौजूद साथियों ने उन्हें संभाला और घटना की जानकारी परिजनों को दी। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी स्कूटी क्रमांक सीजी 05 एयू 2852 के चालक के खिलाफ धारा 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### नाई समाज की बैठक में परीवारों जनगणना का लिया गया निर्णय



**धनेलीकन्हार।** छत्तीसगढ़ की प्रथम जिला सर्व सेन नाई समाज ग्रामीण कांकेर की महत्वपूर्ण बैठक शुक्रवार को कांकेर विकासखंड के ग्राम कोकपुर स्थित रामायण मंच में आयोजित की गई। बैठक का शुभारंभ नंदा सेन महाराज के छायाचित्र पर पूजा-अर्चना एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रभु राम शांडिल्य ने समाज के संगठनात्मक विकास और एकता पर बल दिया। उन्होंने बताया कि अविभाजित मध्यप्रदेश में वर्ष 1995 में प्रथम जिला सर्व सेन समाज का गठन किया गया था और उसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए छत्तीसगढ़ में प्रथम जिला सर्व सेन समाज ग्रामीण कांकेर का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि संगठन का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच बनाकर उसे मंच प्रदान करना तथा समाज के सुख-दुख में सहभागी बनना है। उन्होंने बताया कि जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत समाज के परिवारों की जानकारी एकत्रित की जा रही है। इसके बाद परिवार के सभी सदस्यों की जनगणना कराई जाएगी तथा सर्वसम्मति से शपथ ग्रहण समारोह की तिथि निर्धारित की जाएगी। संरक्षक कैलाश सेन ने अपने संबोधन में कहा कि समाज की प्रत्येक इकाई को मजबूत बनाना आवश्यक है।

# दूध नदी स्वच्छता अभियान में श्रमवीरों की उपस्थिति क्षीण पर काम हुआ चोखा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

शहर की जीवन रेखा एवं मातृ स्वरूपा दूध नदी को स्वच्छ और निर्मल बनाने के लिए चलाया जा रहा जन अभियान शनिवार को भी जारी रहा। अपेक्षाकृत कम उपस्थिति के बावजूद निर्धारित समय तक चले इस स्वच्छता अभियान में श्रमवीरों ने नदी के तल और तट से बड़ी मात्रा में कचरा निकालकर सफाई कार्य को आगे बढ़ाया। नगर पालिका की कचरा परिवहन गाड़ियों की अनुपलब्धता के कारण निकाले गए कचरे का निष्पादन फिलहाल स्थल पर ही किया गया।

अभियान का नेतृत्व कर रहे जन सहयोग/" संस्था के अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी ने विश्वास जताया कि रविवार को अधिक संख्या में लोग अभियान से जुड़ेंगे तथा पुलिस प्रशासन और विभिन्न शासकीय विभागों का अपेक्षित सहयोग भी प्राप्त होगा। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि नदी किनारे रहने वाले कई लोगों और दुकानदारों ने नदी में कचरा नहीं डालने की अपील को गंभीरता से नहीं लिया है, जिसके कारण मात्र एक सप्ताह में ही नदी में फिर से बड़ी मात्रा में कचरा जमा हो गया है। अजय मोटवानी ने कहा कि दूध नदी केवल जिले की जीवन रेखा ही नहीं है, बल्कि इसका सीधा प्रभाव नदी किनारे निवास करने वाले और व्यापार करने वाले लोगों पर पड़ता है। यदि स्थानीय लोग ही इसकी स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारी नहीं निभाएंगे तो नदी को साफ रखना कठिन हो जाएगा।

## श्रमवीरों ने बहाया पसीना और साफ-सफाई को दिया अंजाम



### शरारती तत्व नदी को प्रदूषित कर रहे

उन्होंने आशंका जताई कि कुछ शरारती तत्व और कानून की अनदेखी करने वाले लोग जानबूझकर नदी को प्रदूषित कर रहे हैं। ऐसे लोगों पर नगर पालिका द्वारा सख्त कार्रवाई किए जाने की आवश्यकता है, जिससे भविष्य में सुधार लाया जा सके। शनिवार के अभियान में जन सहयोग के सदस्यों के साथ अखिल भारतीय भूतपूर्व सैनिक सेवा परिषद के सदस्यों ने भी कंधे से कंधा मिलाकर श्रमदान किया। इस दौरान धर्मेंद्र देव, टीके जैन, सूबेदार अरविंद यादव, प्रवीण गुप्ता, राजेश चौहान, शैलेंद्र देहारी, डॉ. श्याम देव, आशुतोष देव, सागर देव, दीपक देहारी और जितेंद्र प्रताप देव सहित अनेक समाजसेवियों एवं युवाओं ने उत्साहपूर्वक श्रमदान किया।

## संगठन विस्तार के साथ आगामी कार्यक्रमों की रणनीति पर हुआ मंथन

# हर बूथ को मजबूत बनाने का संकल्प भाजपा कार्यकर्ताओं में दिखा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सरोना



भारतीय जनता पार्टी मंडल सरोना की मासिक बैठक राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देश, प्रदेश नेतृत्व के मार्गदर्शन तथा जिला नेतृत्व की प्रेरणा से मंडल अध्यक्ष टेकेश्वर सिन्हा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में संगठन विस्तार, बूथ सशक्तिकरण, लाभार्थी संपर्क अभियान एवं आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा को लेकर व्यापक चर्चा की गई। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

मंडल अध्यक्ष टेकेश्वर सिन्हा ने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता सेवा, समर्पण और संगठन की भावना से कार्य करता है। उन्होंने कहा कि हर चुनौती को अवसर में बदलना भाजपा कार्यकर्ताओं की विशेषता रही है। संगठन की मजबूती के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करना होगा। उन्होंने बूथ समितियों को सक्रिय करने, नियमित बैठकें आयोजित करने तथा संगठनात्मक गतिविधियों को गांव-गांव तक पहुंचाने पर विशेष जोर दिया। जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सबसे बड़ी शक्ति उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं। यही कार्यकर्ता सरकार की योजनाओं और संगठन की विचारधारा को जनता तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि सेवा, संघर्ष और समर्पण की भावना भाजपा की पहचान है और इसी के बल पर संगठन निरंतर मजबूत हो रहा है। जिला मंत्री हीरा मरकाम एवं युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष संजू गोपाल साहू ने आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए सभी कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यक्रम की सफलता कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी पर निर्भर करती है। इसलिए सभी को पूरी ऊर्जा और समर्पण के साथ संगठन के कार्यों में जुटना चाहिए।

आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए मंडल प्रभारी देवेंद्र साहू ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता केवल चुनावी गतिविधियों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि वह वर्षभर समाज और राष्ट्रहित में सक्रिय भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि संगठन की वास्तविक ताकत बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं में निहित है। इसलिए प्रत्येक बूथ को सशक्त बनाना, लाभार्थियों से नियमित संपर्क बनाए रखना तथा नए लोगों को संगठन से जोड़ना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों तक पहुंचकर उनसे संवाद स्थापित करने और योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

### लाभार्थी संपर्क अभियान को गति



बैठक के दौरान संगठन विस्तार, नए सदस्य बनाने, लाभार्थी संपर्क अभियान को गति देने तथा बूथ स्तर पर पार्टी की सक्रियता बढ़ाने को लेकर विस्तृत रणनीति तैयार की गई। साथ ही आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए विभिन्न जिम्मेदारियां भी निर्धारित की गईं। आयोजित कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री कन्हैया नेताम ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन महामंत्री किशोर भास्कर ने किया। बैठक में विभिन्न मोर्चों एवं प्रकोष्ठों के पदाधिकारी, वरिष्ठ भाजपा नेता तथा बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पर्यावरण दिवस पर सिरसिदा में किया पौधारोपण, लिया संकल्प



**चारामा।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत सिरसिदा में पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन उत्साह एवं जनभागीदारी के साथ किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों, पंचायत कर्मियों, वन विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों तथा ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए तथा पर्यावरण को स्वच्छ, हरित और प्रदूषणमुक्त बनाए रखने का सामूहिक संकल्प लिया गया। उपस्थित लोगों ने पौधों के संरक्षण और उनकी नियमित देखभाल का भी संकल्प लिया। इस अवसर पर सरपंच कैलाश कोवाची ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिवस तक सीमित विषय नहीं है, बल्कि यह प्रत्येक नागरिक की सतत जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी ग्रामीणों से अधिक से अधिक वृक्ष लगाने और उनके संरक्षण के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वृक्षों के बिना जीवन की कल्पना संभव नहीं है और आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित एवं स्वच्छ पर्यावरण देने के लिए आज से ही ठोस प्रयास करने होंगे। कार्यक्रम के अंत में ग्राम पंचायत सिरसिदा द्वारा भविष्य में भी पर्यावरण संरक्षण एवं जनजागरूकता से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई। ग्रामीणों ने पर्यावरण संरक्षण के इस अभियान को जन आंदोलन का रूप देने तथा अधिकाधिक लोगों को इससे जोड़ने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में पंचगण कन्हैया सिंह ठाकुर, यादों राम साहू, गब्बर सांगिया, द्वारका साहू, चैनू राम नेताम, रेणुका साहू, कविता सेवता, अमृता मंडावी, प्रमिला सांगिया, खेमिन साहू, शकुन कोमरा तथा सरिता देवा, कृपा सेवता, ललिता दुग्गा, जयलाल सलाम सहित वन विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

## करप के क्लस्टर स्तरीय शिविर में छह पंचायतों के ग्रामीणों ने रखीं समस्याएं

**सरोना।** बस्तर मुन्ने सुशासन तिहार 2026 के तहत जनपद पंचायत नरहरपुर की ग्राम पंचायत करप में क्लस्टर स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने और जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से आयोजित इस शिविर में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने ग्रामीणों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं।



कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए उनका अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार का उद्देश्य केवल समस्याओं को सुनना नहीं, बल्कि उनका समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना है। शिविर के दौरान ग्रामीणों ने सड़क, पेयजल, बिजली, प्रधानमंत्री आवास, पेंशन, राशन कार्ड, मनरेगा, सिंचाई, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं से जुड़ी समस्याएं एवं मांगें अधिकारियों के समक्ष रखीं। ग्रामीणों ने कई अधूरे विकास कार्यों को पूर्ण कराने तथा नई सुविधाओं की स्वीकृति की मांग भी की। अधिकारियों ने प्राप्त आवेदनों पर गंभीरता से कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया। कुछ समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया गया, जबकि अन्य मामलों के समाधान के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए गए। जनपद पंचायत नरहरपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी बीआर सुकदेव ने ग्रामीणों को शासन की योजनाओं से अवगत कराते हुए पात्र हितग्राहियों से उनका लाभ उठाने का आग्रह किया। वन परिक्षेत्र अधिकारी बीएस सूर्यवंशी ने वन संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण एवं वनाधिकार संबंधी विषयों पर जानकारी दी। कार्यक्रम अधिकारी राहुल तारक सहित अन्य अधिकारियों ने भी विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन एवं लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर, सरपंच यशोदा मंडावी, जनपद सदस्य सोहेंद्र कुंजाम, सरपंच शंकर शोरी, अजय ठाकुर, सविता मंडावी, नरेन्द्री नेताम, बीना कुंजाम, बिरबल मतालम, पंचायत सचिव धर्मचंद सोनबेर, अशवन वट्टी, कन्हैयालाल साहू, फरस भास्कर, कनेसिंह नेताम, निरा बाई, रोजगार सहायक उत्तम नेताम, महेंद्र कुमार शोरी, हेमुलाल सलाम, नगेश्वरी नेताम, यशवंत जैन उपस्थित रहे।

## पैराडाइज स्कूल में डिजिटल एवं ई-बुक निर्माण पर मिला प्रशिक्षण

**कांकेर।** पैराडाइज हायर सेकेंडरी सीबीएसई स्कूल में नई शिक्षा नीति एनईपी-2020 के अनुरूप शिक्षण गुणवत्ता को और बेहतर बनाने के उद्देश्य से शिक्षकों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में अंग्रेजी, कंप्यूटर, सामान्य ज्ञान सहित विभिन्न विषयों के प्रभावी लेसन प्लान तैयार करने तथा विद्यार्थियों में अधिकतम लर्निंग आउटकम सुनिश्चित करने के तरीकों पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया गया।



प्रशिक्षण का संचालन दिल्ली की बाल मनोवैज्ञानिक, कला समेकित शिक्षा एवं समीक्षात्मक सोच की प्रशिक्षक तथा शिक्षाविद् शिखा चौधरी द्वारा किया गया। उन्होंने शिक्षकों को ई-बुक निर्माण एवं विकास, प्रश्न निर्माण, प्रश्नपत्र तैयार करने की प्रक्रिया तथा आधुनिक शिक्षण तकनीकों की जानकारी दी। साथ ही विषयों को सरल, रोचक एवं सुगम बनाने के लिए आवश्यक शिक्षण कौशलों पर भी विस्तार से चर्चा की। प्रशिक्षण के दौरान डिजिटल बोर्ड एवं इंटरैक्टिव तकनीकों के माध्यम से अध्ययन-अध्यापन को प्रभावी बनाने की विधियां सिखाई गईं। शिक्षकों को डिजिटल क्लासरूम में उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग कर विद्यार्थियों तक विषयवस्तु को सहज और प्रभावी ढंग से पहुंचाने के लिए प्रशिक्षित किया गया। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि पैराडाइज हायर सेकेंडरी स्कूल में प्रत्येक कक्षा में इंटरैक्टिव डिजिटल पैनल बोर्ड की सुविधा उपलब्ध है। शिक्षकों को ई-बुक, इंटरनेट और डिजिटल संसाधनों के माध्यम से आधुनिक शिक्षण पद्धतियों का उपयोग करने के लिए लगातार प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

विद्यालय जिले में गुणवत्तापूर्ण एवं आधुनिक शिक्षा के लिए अपनी अलग पहचान बना चुका है। प्रशिक्षण कार्यक्रम प्राचार्य रश्मि रजक के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कोऑर्डिनेटर ऐश्वर्या साहू सहित विद्यालय के शिक्षकों ने भाग लेकर आधुनिक डिजिटल शिक्षण तकनीकों का प्रशिक्षण प्राप्त किया।

## शराब पीने से मना करने पर युवकों पर हमला, महिला ने की शिकायत

**कांकेर।** शहर के टिकरापारा क्षेत्र में शराब पीने से मना करने पर दो युवकों के साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जांच शुरू कर दी है।

थाना में शिकायत करने पहुंची टिकरापारा कांकेर निवासी 24 वर्षीय कोमल मानिकपुरी ने पुलिस को बताया कि 6 जून को दोपहर करीब साढ़े 3 बजे उनके पति आकाश दास मानिकपुरी का फोन आया। आकाश ने बताया कि वह अपने मित्र आयुष आनंद के साथ शराब भट्टी के पास मौजूद थे। इसी दौरान रमन सारथी, आशीष सारथी एवं उनके अन्य साथियों ने दोनों को शराब पीने के लिए कहा। जब आकाश और आयुष ने शराब पीने से इनकार कर दिया, तो आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। आरोपियों ने तुम लोग मना करने वाले कौन होते हो कहते हुए दोनों युवकों को जान से मारने की धमकी दी और हाथ, थप्पड़, ईंट तथा पत्थरों से मारपीट की। इस हमले में आकाश और आयुष को चोटें आईं। जानकारी मिलते ही मैं तत्काल शराब भट्टी के पास पहुंचीं। वहां देखा कि पति और उनके मित्र के साथ आरोपियों द्वारा मारपीट की जा रही थी। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी रमन सारथी, आशीष सारथी व अन्य के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5), 351 (3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## जेंडर समानता व महिला सशक्तिकरण प्रशिक्षण में अधिकारों दी गई जानकारी

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल में चैतन्य संस्था एवं बिहान शाखा के संयुक्त तत्वावधान में हाट कोंदल सीएलएफ पहचान महिला क्लस्टर में महिला सशक्तिकरण, जेंडर समानता एवं बाल सुरक्षा विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं और बच्चों के अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा समाज में व्याप्त लैंगिक भेदभाव को कम करने के लिए सकारात्मक सोच विकसित करना था। प्रशिक्षण कार्यक्रम मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुरेंद्र बंजारे एवं बीपीएम नंदिनी दीवान के मार्गदर्शन में हुआ। इस दौरान महिलाओं को जेंडर समानता, घरेलू हिंसा से संरक्षण, बाल लैंगिक अपराधों की रोकथाम और आत्मनिर्भरता से जुड़े विभिन्न विषयों की जानकारी दी गई। वक्ताओं ने कहा कि समाज के संतुलित और समग्र विकास के लिए महिलाओं एवं पुरुषों को समान अवसर और सम्मान मिलना आवश्यक है। प्रशिक्षक पूर्णिमा मंडल शर्मा ने प्रतिभागियों को महिलाओं के कानूनी अधिकारों, घरेलू हिंसा अधिनियम, बाल संरक्षण कानूनों तथा शासन की विभिन्न महिला कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों और आजीविका गतिविधियों से जुड़कर आर्थिक एवं सामाजिक रूप से आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। प्रशिक्षण में बच्चों की सुरक्षा, उनके अधिकारों की रक्षा तथा अभिभावकों की जिम्मेदारियों पर भी विशेष चर्चा की गई। प्रतिभागियों को बताया गया कि किसी भी प्रकार के शोषण, हिंसा या भेदभाव की स्थिति में कानूनी एवं प्रशासनिक सहायता प्राप्त की जा सकती है। कार्यक्रम के सफल संचालन में पीआरपी ममता ठाकुर एवं जीएमटी रीतू सिंह का योगदान रहा।

**बाहरी लोगों को कार्य दिए जाने से ग्रामीणों में भारी नाराजगी**

# खनिज निधि के कार्यों में जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा पर आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भानुप्रतापपुर

डीएमएफ मद से संचालित निर्माण कार्यों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा किए जाने का मामला सामने आया है। जनपद पंचायत भानुप्रतापपुर क्षेत्र के 14 जनपद सदस्य, 52 ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं पंचों ने शनिवार को जनपद पंचायत कार्यालय के सामने बैठक आयोजित कर अपनी नाराजगी जाहिर की तथा आगे की रणनीति तय की।



बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने आरोप लगाया कि खनिज न्यास निधि से करोड़ों रुपएं के निर्माण कार्य स्थानीय लोगों को देने के बजाय अधिकारियों द्वारा कथित रूप से बाहरी व्यक्तियों एवं ठेकेदारों को सौंपे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इससे स्थानीय लोगों को रोजगार और विकास के अवसरों से वंचित होना पड़ रहा है। जनप्रतिनिधियों का कहना है कि क्षेत्र से हर वर्ष खनिज संपदा के माध्यम से करोड़ों रुपये की राशि प्राप्त होती है, लेकिन इसके बावजूद क्षेत्र में अपेक्षित विकास नहीं हो पा रहा है।

साथ ही स्थानीय हितों की अनदेखी कर बाहरी लोगों को कार्य दिए जाने से ग्रामीणों में भारी नाराजगी है। बैठक में निर्णय लिया गया कि मंगलवार को अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) तथा कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। यदि उनकी मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं की गई तो अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शुरू किया जाएगा। स्पष्ट किया कि यह किसी राजनीतिक दल का आंदोलन नहीं है, बल्कि क्षेत्र के अधिकारों और विकास से जुड़ा मुद्दा है। उन्होंने बताया कि इस आंदोलन में भाजपा और कांग्रेस सहित विभिन्न विचारधाराओं के लोग शामिल हैं तथा सभी का उद्देश्य स्थानीय लोगों को प्राथमिकता दिलाना और क्षेत्र का समुचित विकास सुनिश्चित करना है।

इस अवसर पर सुनाराम तेता अध्यक्ष जनपद पंचायत भानुप्रतापपुर, प्रदीप कोरेटी, ब्लाक अध्यक्ष सरपंच संघ भानुप्रतापपुर, वरुण खापर्डे जनपद पंचायत सदस्य, भुनेश्वर कोरेटी जनपद पंचायत सदस्य राजकुमार दर्रो जनपद पंचायत, विष्णु कचलाम, खेमिन कोरेटी, तेजबती शोरी, रमल कोर्राम , सियाराम उयके, टुमन मंडावी, शशि उयके, जैन बाई कोला, बिमला गोटा, बिमला नेताम, प्रभा उयके,रीना पोटाई, संतोष पद्दा, नमिता नेताम व सीमा कोरेटी उपस्थित रहें।

**तुरंत आराम के लिए**
**तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय**
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज